**<u>अत्यावश्यक</u>**

संख्या सी-31019/4/2006-एVII
भारत सरकार
शहरी विकास मंत्रालय
*****

निर्माण भवन, नई दिल्ली
दिनांक 29 अक्टूबर, 2008

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: वर्ष 2008 में 3 नवंबर - 7 नवंबर, 2008 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाना।**

***

निर्माण भवन, नई दिल्ली में शहरी विकास मंत्रालय और आवास व शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय और इसके संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों के कार्मिकों को शपथ दिलाने के लिए शपथ की छायाप्रति संलग्न है। विगत चलन के अनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि यह शपथ गेट नं. 1, निर्माण भवन, नई दिल्ली के सामने लॉन में **3 नवंबर, 2008 को प्रात: 10:00** बजे सचिव (शहरी विकास) और सचिव (आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय) द्वारा दिलाई जाएगी।

2. शहरी विकास मंत्रालय और आवास व शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, निर्माण महानिदेशालय, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, संपदा निदेशालय, भूमि और विकास कार्यालय, प्रधान लेखा कार्यालय और राष्ट्रीय बिल्डिंग संगठन के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध किया जाता है कि वे शपथ लेने के लिए मौजूद रहें।

संलग्न: उपरोक्त

**(गुलशन लाल)**
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में,

दोनों मंत्रालयों के सभी अधिकारी/अनुभाग और निर्माण भवन, नई दिल्ली में स्थित संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय।

प्रतिलिपिः

1. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सचिव (शहरी विकास)
2. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सचिव (आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन)
3. निजी सचिव, संयुक्त सचिव (यूडीएंडए)
4. प्रधान निजी सचिव, महानिदेशक (डब्ल्यू), केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
5. निजी सचिव, संयुक्त सचिव (डीएंडएल) एवं मुख्य निरीक्षक सतर्कता
6. निजी सचिव, संयुक्त सचिव (एच)
7. निजी सचिव, संयुक्त सचिव (जेएनएनयूआरएम), आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय
8. निजी सचिव, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
9. निजी सचिव, संयुक्त सचिव एवं मिशन निदेशक (जेएनएनयूआरएम), शहरी विकास मंत्रालय
10. निजी सचिव, आर्थिक सलाहकार, शहरी विकास मंत्रालय
11. संपदा निदेशक (श्री डी. सुरेश)
12. भूमि और विकास कार्यालय (श्री आर.के. सिन्हा)
13. निदेशक, मुद्रण (सुश्री माधुरी डबराल)
14. एनबीओ (श्री डी.पी.एस. नेगी, निदेशक)
15. भुगतान और लेखा अधिकारी (श्री जे.पी.एस. चावला, मुख्य लेखा नियंत्रक)

# <u>प्रतिज्ञा</u>

हम, भारत के लोक सेवक, सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करते हैं कि हम अपने कार्यकलापों के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे। हम यह प्रतिज्ञा भी करते हैं कि हम जीवन के प्रत्येक क्षेत्र से भ्रष्टाचार उन्मूलन करने के लिए निर्बाध रूप से कार्य करेंगे। हम अपने संगठन के विकास और प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहते हुए कार्य करेंगे। हम अपने सामूहिक प्रयासों द्वारा अपने संगठनों को गौरवशाली बनाएंगे तथा अपने देशवासियों को सिद्वांतों पर आधारित सेवा प्रदान करेंगे। हम अपने कर्तव्य का पालन पूर्ण ईमानदारी से करेंगे और भय अथवा पक्षपात के बिना कार्य करेंगे।